# गजानंद तुम्हे पहले मनाएं कारज सारे बनाना जी

गजानंद तुम्हे पहले मनाएं,
कारज सारे बनाना जी,
आओ विराजो बिच सभा में,
रिद्धि सिद्धि संग लाना जी,
गजानंद तुम्हें पहले मनाएं,
कारज सारे बनाना जी।bd।

तर्ज – गजानंद महाराज पधारो।

---

चांदी की चौकी पे बैठा के,
माथे तिलक लगाएंगे,
फूलों का तुमको हार पहना के,
लड्डुवन भोग लगाएंगे,
विघ्न विनाशक गौरी नंदन,
मेरी विपदा मिटाओ जी,
गजानंद तुम्हें पहले मनाएं,
कारज सारे बनाना जी।bd।

---

बल बुद्धि के दाता हो तुम,
तीनों लोक अधिकार तेरा,
प्रथम हो पूजा तेरी देवा,
आके बढ़ा दो मान मेरा,
हाथ जोड़ के सब ही पुकारे,
लाज हमारी रखना जी,
गजानंद तुम्हें पहले मनाएं,
कारज सारे बनाना जी।bd।

---

प्रेम भाव से करूँ मैं वंदना,
नैनो में बस जाओ तुम,
'अर्चू' तेरी करेगी सेवा,
घर में एक बार आओ तुम,
शाम सवेरे फेरूंगी माला,
मन में ज्योत जलाओ जी,
**Bhajan Diary Lyrics,**
गजानंद तुम्हें पहले मनाएं,
कारज सारे बनाना जी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गजानंद तुम्हे पहले मनाएं,
कारज सारे बनाना जी,
आओ विराजो बिच सभा में,
रिद्धि सिद्धि संग लाना जी,
गजानंद तुम्हें पहले मनाएं,
कारज सारे बनाना जी।bd।

**Singer – Upasana Mehta**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com